दिन– शुक्रवार दिनांक– 30/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. दो फरवरी से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र के सुचारू संचालन के लिए आज सर्वदलीय बैठक। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने सभी दलों से सहयोग का किया आह्वान।

02. उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय सिन्हा ने कहा – राज्य में भू–माफियाओं को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

03. राज्यभर के किसानों की डिजिटल पहचान के लिए दो फरवरी से शुरू होगा पंजीकरण अभियान।

04. और, कृतज्ञ राष्ट्र ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को अठहत्तरवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किया।

---

बिहार विधानसभा के बजट सत्र को लेकर आज सर्वदलीय बैठक बुलाई गयी। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने बैठक में सभी दलों से सत्र के सुचारू संचालन में सहयोग का आह्वान किया। दो फरवरी से सत्ताईस फरवरी तक चलने वाले सत्र के दौरान राज्यपाल का अभिभाषण होगा और वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सात फरवरी को विधानसभा का स्थापना दिवस समारोह भी धूमधाम से मनाया जाएगा।

–––बाइट–––

---

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अन्तर्गत चयनित लाभुकों को दो लाख रूपये तक की अतिरिक्त सहायता प्रदान करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। राज्य मंत्रिमंडल ने इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी साझा की। श्री कुमार ने कहा कि इस योजना के तहत महिलाओं को रोजगार शुरू करने के छह महीने बाद आकलन करते हुये आवश्यकतानुसार दो लाख रूपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी।

---

जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा है कि महिलाओं को रोजगार योजना के तहत दो लाख रुपये दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार प्रदेश की महिलाओं की स्थिति बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। श्री झा ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब उन्हें मौका मिला तो उन्होंने कोई काम नहीं किया।

———बाइट———

---

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि राज्य में अपराधियों और माफियाओं को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। श्री सिन्हा ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि भूमि से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकारी से लेकर बिचौलिया तक जो भी गलत काम में शामिल होंगे, उनके खिलाफ कानून एक समान कार्रवाई करेगा।

———बाइट———

---

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने राज्य में सरकारी कर्मचारियों के सोशल मीडिया उपयोग पर प्रतिबंध की सराहना की है। श्री कुमार ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सबको संविधान और कानून के दायरे में रहकर काम करना चाहिए।

———बाइट———

नए नियमों के तहत कोई भी सरकारी कर्मचारी बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के अपने नाम या छद्म नाम से सोशल मीडिया अकाउंट नहीं चला सकेगा। सरकारी ईमेल आईडी या मोबाइल नंबर का इस्तेमाल निजी सोशल मीडिया अकाउंट के लिए पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। सरकार ने कहा है कि सोशल मीडिया और इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप्स के बढ़ते दुरुपयोग को देखते हुए यह नियम लागू किया गया है।

---

जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में दिल्ली स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में नौ मार्च से रोजाना सुनवाई होगी। अदालत ने लालू प्रसाद को अधिक उम्र के आधार पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई में शामिल होने की अनुमति दी है। वहीं, तेजस्वी प्रसाद यादव सहित अन्य आरोपी व्यक्तिगत रूप से सुनवाई में उपस्थित होंगे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि कानूनी प्रक्रिया के अनुसार इस घोटाले की जांच की जा रही है।

---बाइट---

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने आलोक कुमार सिंह को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। वहीं, प्रशांत पंकज और सुभाष चंद्रवंशी को पार्टी का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनोनित किया गया है। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में पार्टी के जिलाध्यक्षों की भी नियुक्ति की जाएगी।

---बाइट---

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा है कि सरकार विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री सिंह ने आज लखीसराय में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र और सूर्यगढ़ा के विधायक रामनंद मंडल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा है कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए बूथ स्तर तक जनसंपर्क अभियान को और तेज किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार छपरा पहुंचे श्री सरावगी ने कहा कि चुनाव में राज्य की जनता ने भाजपा और एनडीए पर जो अटूट विश्वास दिखाया है वह कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का नतीजा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पार्टी प्रदेश में और भी मजबूत बनकर उभरेगी।

---

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने आज आकाशवाणी पटना में बजट से पूर्व चर्चा में भाग लिया। विधानसभा अध्यक्ष की यह चर्चा एक फरवरी को आकाशवाणी, पटना से अपराह्न चार बजे से प्रसारित की जाएगी।

---

सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में छठी से बारहवीं तक पढ़ने वाली लड़कियों को मुफ्त सैनेटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह केवल सुविधा नहीं बल्कि छात्राओं का अधिकार है। कोर्ट ने सभी स्कूलों को निर्देश दिया है कि वे अलग–अलग जेंडर के लिए अलग–अलग शौचालय की व्यवस्था करें और वहां पूरी प्राइवेसी सुनिश्चित करें।

---

राज्य के किसानों की डिजिटल पहचान के लिए दो से छह फरवरी तक पंजीकरण अभियान चलाया जाएगा। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने इस संबंध में राज्य के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किया है। श्री अमृत ने कहा कि पीएम किसान योजना से पचास प्रतिशत किसानों को जोड़ने वाले जिलों को सरकार की ओर से डेढ़ लाख रुपये की राशि का ईनाम दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंजीकरण के लिए किसानों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा।

---

राज्य के सभी पांच सौ चौंतीस प्रखंडों में अगले पांच वर्षों में एससी और एसटी समुदाय के छात्रों के लिए छात्रावास खोले जाएंगे। एससी–एसटी कल्याण विभाग के मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन ने आज पटना में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य में इक्यानवे आवासीय विद्यालयों में छात्र–छात्राओं को आवास और पठन–पाठन की उच्च स्तरीय सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं पर निगरानी के लिए एग्जामिनेशन मोबाईल ऐप बनाया है। इस ऐप के जरिए सभी परीक्षा केंद्रों पर निगरानी रखी जाएगी। ऐप के संचालन के लिए चयनित कर्मियों को प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया गया है। प्रदेश में इंटरमीडिएट की परीक्षा दो से तेरह फरवरी और मैट्रिक की परीक्षा सत्रह से पच्चीस फरवरी तक आयोजित की जाएगी।

---

डॉक्टर राजीव कुमार सिंह को पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का नया अधीक्षक बनाया गया है। डॉ. सिंह कल अपना पदभार ग्रहण करेंगे। वे वर्तमान में पीएमसीएच में फिजियोलॉजी विभाग में प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष हैं।

---

कृतज्ञ राष्ट्र ने आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी अठहत्तरवीं पुण्य तिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किया। इस दिन को शहीद दिवस के रूप में भी मनाया गया। आज ही के दिन उन्नीस सौ अड़तालीस को महात्मा गांधी की हत्या कर दी गयी थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राजघाट में महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि गांधीजी का व्यक्तित्व और उनका कार्य देशवासियों को हमेशा सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर दिल्ली में राष्ट्रपिता की समाधि स्थल राजघाट पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। पटना के गांधी घाट में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने भी राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि पर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

---

चक्रवाती हवा के प्रभाव से राजधानी पटना सहित कई जिलों में मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। धूप के बावजूद सर्द हवाओं से ठंड बढ़ गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज भागलपुर के सबौर में सबसे कम न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, गया में सबसे कम न्यूनतम दृश्यता तीन सौ मीटर रहा। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों के कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिनों के बाद तापमान में वृद्धि की संभावना है।

———बाइट———

---

भागलपुर जिला प्रशासन और एनटीपीसी कहलगांव प्रबंधन के बीच समझौते के तहत शहर में एक लाइब्रेरी, सरकारी विद्यालयों का विकास और सीसीटीवी कैमरे लगाए

जाने पर सहमति बनी है। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने एनटीपीसी के इस प्रयास को सराहनीय बताया है।

---

शाहाबाद रेंज के डीआईजी सत्य प्रकाश ने कैमूर पुलिस लाइन में प्रशिक्षु पुलिसकर्मियों से मुलाकात की। उन्होंने जवानों को कानून के दायरे में रहकर ईमानदारी और निष्ठा से अपना दायित्व पूरा करने का निर्देश दिया।

---

मुजफ्फरपुर जिले के देवरिया थाना क्षेत्र के एकमा चौक स्थित वैशाली नहर में एक वाहन के अनियंत्रित होकर गिर जाने से वाहन सवार दो लोगों की मौत हो गई।

---

सुपौल जिले के कुनौली सीमा पर एसएसबी ने एक बांग्लादेशी महिला सहित पांच लोगों को नेपाल से भारत में प्रवेश करने के दौरान गिरफ्तार किया है।

---

मधुबनी में एसएसबी और एसटीएफ की टीम ने भारत–नेपाल सीमा पर छापेमारी कर दो सौ रुपये मूल्य के एक सौ तिहत्तर जाली नोटों के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. दो फरवरी से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र के सुचारू संचालन के लिए आज सर्वदलीय बैठक। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने सभी दलों से सहयोग का किया आह्वान।

02. उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय सिन्हा ने कहा – राज्य में भू–माफियाओं को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

03. राज्यभर के किसानों की डिजिटल पहचान के लिए दो फरवरी से शुरू होगा पंजीकरण अभियान।

04. और, कृतज्ञ राष्ट्र ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को अठहत्तरवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।